Reg no:-UDYAM/JH190015501

# समाचार संध्या

झारखण्ड

SUBSCRIBE Ss samachar sandhiya

समाचार संध्या न्यूज


Email: - samacharsandhiyanews@gmail.com Samacharsandhiya.com मंगलवार 05 नवंबर 2024






# नहाय खाय के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व का हुआ

# छठमय हुआ भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल क्षेत्र, छठ गीतों से गूंजा क्षेत्र, खरना 6 को





**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा कोयलांचल का वातावरण छठमय भक्तिमय हो गया है। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में चार दिवसीय कार्तिक छठ पूजा का शुभारंभ मंगलवार से नहाय-खाय के साथ हुआ। छठ महापर्व को ले छठ घाट सहित आवागमन रास्ते की साफ-सफाई का कार्य जोरशोर से चल रहा है। छठ महापर्व को ले पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। साथ ही छठ गीतों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। श्रद्धा भक्ति आस्था का महापर्व कार्तिक छठ के दूसरे दिन बुधवार को छठव्रती नियम पूर्वक खरना करेंगी। इस दौरान छठव्रति दिनभर निर्जला उपवास रख शाम में गाय के दूध में शुद्ध रूप से खीर का प्रसाद बनाएंगे और पूजा-अर्चना के बाद खीर के प्रसाद को सेवन करेंगी। खरना के पश्चात भक्तों के बीच खरना के प्रसाद का वितरण किया जायेगा। साथ ही कार्तिक छठ पर्व के तीसरे दिन गुरूवार को दिन-रात छठव्रती निर्जला उपवास पर रहेंगी। वहीं अपराहन में सूप दउरा में फल-फूल पूजा सामग्रियों को सजाकर छठ घाटों पर पहुंच छठव्रतियों भक्तों द्वारा अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसी प्रकार छठ महापर्व के चौथे दिन शुक्रवार को तड़के सुबह पुनः छठ घाटों पर पहुंचेंगे और उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इधर पतरातू प्रखंड के पूर्व उपप्रमुख रमाशंकर पांडेय उर्फ नूनू पांडेय ने छठ मईया से क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए सबों का छठ महापर्व की बधाई देते हुए कहा कि छठव्रतियों की सुविधा को लेकर छठ घाट सहित रिभर साईड के कॉलोनी में जमे कचरे की जेसीबी के माध्यम से बुधवार को साफ-सफाई कराई जायेगी। ताकि छठव्रतियों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि छठव्रतियों सहित श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। श्री पांडेय ने कहा कि छठव्रतियों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा।

# पोटमदगा, बोँगई, छतरमांडू से कांग्रेस छोड़कर सैकड़ो आदिवासी समाज के लोग आजसू में शामिल हुए







**समाचार संध्या**

रजरप्पा । रामगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर भारी संख्या में लोग आजसू पार्टी का दामन थाम रहे हैं,दुलमी प्रखंड के बोगाई, पोटमदगा गांव से आदिवासी भोक्ता समुदाय के युवा महिला पुरुष **JKLM / कॉग्रेस** पार्टी छोड़कर आजसू पार्टी में शामिल हुए इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा आजसू में शामिल लोगों का पट्टी पहनाकर स्वागत किया,सांसद ने कहा की रामगढ़ विधानसभा की जनता को हमेशा मान सम्मान देने का काम किया हूँ, रामगढ़ की मत्तदाता विकास चाहती है पिछले डेढ़ वर्षो में विधायक सुनीता चौधरी द्वारा किये गए अभूत पूर्व विकास कार्यों को देख प्रभावित होकर हर रोज आजसू पार्टी में शामिल हो रहे है, वर्तमान झारखण्ड सरकार की भ्रष्टाचार क़ानून व्यवस्था से झारखण्ड वासी काफ़ी त्रस्त है, झारखण्ड से निकक्मी सरकार को उखाड़ फेकने का काम करें, और झारखण्ड मे एनडीए सरकार को बैठाना जरूरी है तभी राज्य के लोगों का विकास संभव होगा, जो राज्य सरकार यहां के जनमानस का विकास नहीं कर सकती, झारखण्ड में शासन करने का कोई आधार नहीं है 2024 की विधानसभा चुनाव में झारखण्ड राज्य में पूरा परिवर्तन की लहर है । इस मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो जिला परिसद सदस्य शामिल थे इस अवसर पर मदगी गांव से भोक्ता, मुंडा आदिवासी समुदाय के लोगों में आजसू पार्टी में शामिल लोगों में छतर मांडू से सचिन कुमार,गोबिंद मुकेश, महेश, महेन्द्र मनोज, रोहित पंकज विकास संजीत विनय आदि है बोँगाई गांव से नवराज भोक्ता, सुरेश भोक्ता, नीतीश भोक्ता मिथिलेश भोक्ता राहुल भोक्ता अरुण भोक्ता अमित भोक्ता, रविन्द्र भोक्ता दिलीप भोक्ता छोटेलाल भोक्ता शैलेश भोक्ता शामिल हुए जबकि होन्हे पंचायत से दशरथ महतो पवन महतो दिलेश्वर महतो मुकेश महतो तारकेश्वर महतो, विपिन महतो महेश महतो सहित भारी संख्या में महिला पुरुष युवा शामिल हुए।

# दुलमी मदगी से कांग्रेस छोड़कर सैकड़ो आदिवासी- हरिजन समाज के महिला पुरुष आजसू में शामिल हुए










**समाचार संध्या**

रजरप्पा। रामगढ़ विधानसभा में भारी संख्या में आजसू पार्टी का दामन थाम रहे हैं,दुलमी प्रखंड के मदगी गांव से आदिवासी /हरिजन समुदाय के सैकड़ो महिला पुरुष कॉग्रेस पार्टी छोड़कर आजसू पार्टी में शामिल हुए इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा आजसू में शामिल लोगों का पट्टी पहनाकर स्वागत किया,सांसद ने कहा की रामगढ़ विधानसभा की जनता को हमेशा मान सम्मान देने का काम किया हूँ, रामगढ़ की मत्तदाता विकास चाहती है पिछले डेढ़ वर्षो में विधायक सुनीता चौधरी द्वारा किये गए अभूत पूर्व विकास कार्यों को देख प्रभावित होकर हर रोज आजसू पार्टी में शामिल हो रहे है, वर्तमान झारखण्ड सरकार की भ्रष्टाचार क़ानून व्यवस्था से झारखण्ड वासी काफ़ी त्रस्त है, झारखण्ड से निकम्मी सरकार को उखाड़ फेकने का काम करें, और झारखण्ड मे एनडीए सरकार को बैठाना जरूरी है तभी राज्य के लोगों का विकास संभव होगा, जो राज्य सरकार यहां के जनमानस का विकास नहीं कर सकती, झारखण्ड में शासन करने का कोई आधार नहीं है 2024 की विधानसभा चुनाव में झारखण्ड राज्य में पूरा परिवर्तन की लहर है। इस मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो जिला परिसद सदस्य पूर्व पार्षद कपिल मुंडा शामिल थे इस अवसर पर मदगी गांव से हरिजन /आदिवासी समुदाय के लोगों में आजसू पार्टी में शामिल लोगों में नंदू नायक राजू नायक धीरज नायक सिकंदर नायक धीरेस नायक छतरू नायक रवि नायक,बासुदेव करमाली, लालजी करमाली,देवलाल करमाली,बासुदेव करमाली,मुंशी करमाली,किस्तों नायक,संतोष नायक मंटू नायक दिगम्बर दुलारी देवी कविता देवी गीता देवी सरिता देवी संगीता देवी,सुनीता देवी रेनू देवी,यशोदा देवी, छोटी देवी,अमीषा देवी सोनी देवी प्यासो देवी नायक, रामबिलास नायक युगल नायक शंकर नायक हरि नायक भोला नायक शिबू नायक सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल कांग्रेस छोड़ आजसू पार्टी में दामन थामा।

### इनमोसा बरका-सयाल क्षेत्र के प्रतिनिधि मंडल ने जीएम अजय सिंह को किया सम्मानित, हर्ष

# कोल इंडिया के स्थापना दिवस समारोह में अजय सिंह को मिला बेस्ट जीएम का अवार्ड

**समाचार संध्या**



भुरकुंडा (रामगढ़)। बरका-सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह को बेस्ट जीएम का पुरस्कार मिलने पर मंगलवार को इनमोसा बरका-सयाल क्षेत्र के एक प्रतिनिधि मंडल ने सम्मानित किया। मालूम हो कि कोलकाता में आयोजित कोल इंडिया के स्थापना दिवस समारोह में कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद द्वारा बरका-सयाल महाप्रबंधक को पूरे सीसीएल में बेस्ट जीएम के अवार्ड से नवाजा गया है। इसी खुशी में इनमोसा प्रतिनिधि मंडल ने बधाई देते हुए जीएम अजय सिंह को शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया है। सम्मानित करने वालो में बरका-सयाल क्षेत्र के अध्यक्ष विकाश कान्त सिन्हा, सचिव हरेन्द्र कुमार बरका-सयाल क्षेत्र के सिंह, पवन झा, महाबीर कुमार, अनुज कुमार, राकेश कुमार श्रीवास्तव, गुप्तेश्वर कुमार, श्रवण कुमार, संदीप सिंह, महेश प्रसाद, संतोष कुजूर मोहित अम्बष्टा, गिरजा शंकर सिंह, बलराज फुलूड़िया, बिनोद कुमार भगत आदि शामिल थें।

### छठव्रतियों की सुविधा को ले

# भुरकुंडा नलकारी नदी छठ घाट की साफ-सफाई शुरू, घाटो को साफ-सुथरा रखने की हुई अपील




**समाचार संध्या**

भुरकुंडा (रामगढ़)।लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर श्रीश्री छठ पूजा समिति ने मंगलवार को भुरकुंडा नलकारी नदी छठ घाट की साफ-सफाई कार्य का शुभारंभ कराया। इस दौरान जेसीबी मशीन से घाटो व श्रद्धालुओं के आनेजाने वाले रास्तों की साफ-सफाई कराई गई। साथ ही लोगों से छठ घाटो को साफ-सुथरा रखने की अपील की गई। मौके पर पूजा समिति के लोगों ने बताया कि छठ महापर्व को लेकर जेसीबी मशीन से साफ-सफाई का कार्य छठ घाट में कराया जा रहा है। ताकि छठव्रतियों सहित श्रद्धालु महिला-पुरूषों को छठ घाट तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो। कहा गया कि श्रीश्री छठ पूजा समिति द्वारा पूजा के दौरान छठव्रतियो और श्रद्धालु के सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा। कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी। साफ-सफाई अभियान में छठ पूजा समिति के संजीत राम, संजय वर्मा, संजय मिश्रा, दीपक कुमार, पिंटू सागर, शशि सागर, गोपाल करमाली, भीखम राजभर, योगेंद्र करमाली, आजाद भुईया, भास्कर सिंह, विजय राम, अमृत, अरुण आदि श्रद्धालु जुटे हैं।

# महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी ने चलाया जनसंपर्क अभियान, विकास योजनाओं को धरातल पर उतरने का किया वादा

**समाचार संध्या**

**रिपोर्ट सज्जाद आरिफ**

दुलमी। दुलमी प्रखंड, कुल्ही पंचायत में मंगलवार को महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बेयांग, उरबा, कारो, डुमरिया टोला, माथा गौड़ा, सरना टोला, पुत्रीडीह, कूल्ही सहित पोटमदगा पंचायत के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस यात्रा के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की जनसंपर्क अभियान के दौरान ममता देवी ने कहा कि आपके सहयोग से हम एक नया बदलाव लाएंगे और गांवों के विकास के लिए नई दिशा में काम करेंगे। हर एक वोट और समर्थन हमारे सामूहिक प्रयासों को मजबूत करेगा। ताकि हम एक समृद्ध और प्रगतिशील भविष्य की ओर बढ़ सकें।उन्होंने लोगों से अपील की कि सही दिशा में कदम बढ़ाते हुए अपने गांव और समाज के हित में महागठबंधन का समर्थन करें। ग्रामीणों ने भी महागठबंधन प्रत्याशी ममता देवी के अभियान का स्वागत किया और अपनी विभिन्न समस्याओं और मुद्दों को उनके सामने रखा। ममता देवी ने आश्वासन दिया कि उनके हर मुद्दे पर ध्यान दिया जाएगा और गांवों के विकास के लिए कार्य किए जाएंगे।








## बलसगरा पटेल स्टेडियम में प्रत्याशी जेपी के पक्ष में विशाल जनसभा का आयोजन

## राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कर्नाटक के तर्ज पर झारखंड में महागठबंधन की सरकार करेगी चहुमुखी विकास

## जल जंगल जमीन की सुरक्षा के लिए महागठबंधन की सरकार है संवेदनशील: केशव महतो कमलेश

# दलित आदिवासियों के विकास में भाजपा बन रही है रोड़ासरकार संवेदनशील है।



समाचार संध्या

गिद्दी/सिरका। कर्नाटक के तर्ज पर महागठबंधन की सरकार झारखंड में करेगी चौहूमुखी विकास। राज्य में हेमंत के नेतृत्व वाली सरकार ने दलित आदिवासी पिछड़ों तथा अन्य समुदाय को विकास के रास्ते पर साथ ले जाने का काम की है। राज्य में भाजपा की केंद्र सरकार ने दलित आदिवासी पिछड़ों के साथ छलने का काम किया है। देश के विकास हाशिये पर खड़ा है। उक्त बातें डाड़ी प्रखंड छेतर के बलसगरा पटेल स्टेडियम में चुनावी विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने भ्रष्टाचार रोकने की बात कही थी लेकिन देश में आज भी भय, भूख, भ्रष्टाचार, मंहगाई चरम सीमा पर है। लोग रोजगार के लिए दूसरे महानगरों में पलायन करने को विवश है। जनता का सपना भाजपा की सरकार ने चकनाचूर की है। जिसकी जवाब वोटो से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने गारंटी योजना के तहत जनता के साथ वादा किया था लेकिन अभी तक वादा पूरा नहीं किया। जनता की हिफाजत मोदी सरकार को नहीं है सरकार बड़ी-बड़ी बातें करती है लेकिन माटी रोटी बेटी के लिए मांडू विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को बहुमत वोट से विधानसभा भेजने का काम करें ताकि क्षेत्र की चौहूमुखी विकास सही तरीके से हो सके। मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनावी विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जनता मोदी सरकार को वोट से जवाब दे। मंईया योजना के तहत महिलाओं के सम्मान के लिए 1000 के जगह अब दिसंबर से 2500 रुपए दी जाएगी। जल जंगल जमीन की सुरक्षा के लिए महागठबंधन की सरकार है संवेदनशील आयोजित बलसगरा पटेल स्टेडियम में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि राज्य में जल जंगल जमीन की सुरक्षा के लिए महागठबंधन की जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बेयांग, उरबा, कारो, डुमरिया टोला, माथा गौड़ा, सरना टोला, पुत्रीडीह, कूल्ही सहित पोटमदगा पंचायत के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस यात्रा के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की जनसंपर्क अभियान के दौरान ममता देवी ने कहा कि आपके सहयोग से हम एक नया बदलाव लाएंगे और गांवों के विकास के लिए नई दिशा में काम करेंगे। हर एक वोट और समर्थन हमारे सामूहिक प्रयासों को मजबूत करेगा। ताकि हम एक समृद्ध और प्रगतिशील भविष्य की ओर बढ़ सकें।उन्होंने लोगों से अपील की कि सही दिशा में कदम बढ़ाते हुए अपने गांव और समाज के हित में महागठबंधन का समर्थन करें। ग्रामीणों ने भी महागठबंधन प्रत्याशी ममता देवी के अभियान का स्वागत किया और अपनी विभिन्न समस्याओं और मुद्दों को उनके सामने रखा। ममता देवी ने स्टेडियम में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मांडू विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन दल के साझा कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि दलित आदिवासी पिछड़ों की विकास में भाजपा कि केंद्र सरकार रोड़ा बन रही है। भाजपा के शासनकाल में राज्य में विकास नाम मात्र की हुई है । अडानी रिलायंस की विकास करने में भाजपा की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन गरीब आज भी रोटी कपड़ा मकान के लिए तरस रहे हैं । उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में महागठबंधन की सरकार बहुमत से बनी तो क्षेत्र के युवक युवतियों के लिए रोजगार सृजन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। महिलाओं की सम्मान के लिए सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित की जाएगी । उन्होंने कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र को मॉडल विधानसभा बनाने के लिए मैं कृतसंकल्प हूं। आपका समर्थन वह आशीर्वाद से यह धरातल पर विकास संभव होगा। मांडू विधानसभा क्षेत्र की चौहूमुखी विकास के लिए जनता एक बार मौका दे। उन्होंने कहा कि मैं जनता का सेवक हूं और सेवक बनकर ही लोगो की सेवा गंभीरता से खरा उतरेंगे। विशाल जनसभा को ये लोगों ने किया संबोधित कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अहमद मीर, भीम राम, गुंजन सिंह, जयशंकर पाठक, राजकुमार महतो, भाकपा माले नेता मिथिलेश सिंह, राजद नेता शाहिद सिद्दीकी, झामुमो नेता विनोद किसकू, राजकुमार महतो, कांग्रेस नेता कुमार महेश सिंह, भूपेश, डाक्टर बाला प्रसाद, प्रणव झा, संजयलाल पासवान, शहजाद अनवर, शामिल रहे। इस मौके परसमारोह में सुधीर सिंह, पूर्व प्रमुख चुरचू चोलेशवर महतो, कौलेश्वर प्रजापति, दीपा देवी, राकेश सिंह, मंगलदेव महतो, प्रीतलाल महतो, सुरेश महतो, प्रमोद कुमार महतो ,भोला महतो ,गुलचंद महतो, सर्वेश सिंह, कैलाश महतो, नकुल महतो, उपेंद्र महतो, लखनलाल महतो , श्रीनाथ महतो, राजेश बेदिया, समीर मुर्मू, दिनेश बेदिया, अमरलाल बेदिया, नंदकुमार महतो, लालधन महतो , अनिल अग्रवाल, जलेश्वर महतो , बालेश्वर महतो , जय कुमार महतो, विजय कुमार , शशि भूषण सिंह, नमिता कुमारी, नागेश्वर पटेल, तुलसी महतो, मंजू जोशी, पिंकी राय, कौलेशवर तुरी, मंगलू तुरी, मुन्ना तुरी, अशोक तुरी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

# सीसीएल कोलयरी सिरका ओबी डंपिंग में 6 माह पूर्व डंपिंग से दबकर एक युवक नवदिया की हुई थी मौत, अब जांच में पहुंची रामगढ़ पुलिस

## एसडीपीओ व थाना प्रभारी रामगढ़ ने घटनास्थल का मुआयना करने के दौरान फुटेज, वीडियो बना किया पड़ताल

**समाचार संध्या -रिपोर्ट एस कुमार**

सिरका। थाना रामगढ़ क्षेत्र के सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के परियोजना सिरका कोलियरी व ओबी डंपिंग रामगढ़ पुलिस सीडीपीओ परमेश्वर प्रसाद व थाना प्रभारी कृष्ण कुमार एकाएक पहुंचे. जिससे क्षेत्र में हलचल मच गई है. बताया जाता है कि बीते 6 माह पूर्व 21 अप्रैल 24 को सीसीएल प्रबंधन के लापरवाही के कारण एक युवक प्रदीप भुईयां उर्फ नवदिया की जान भारी वाहन हांलपैक से कुचलने व ओबी डंपिंग करने का मामला चर्चा में था. जिसे लेकर सिरका के एक आवेदनकर्ता अनिल कुमार के द्वारा समाज की मांग की गई थी. लगातार प्रयास के बाद आखिरकार 6 माह के बाद रामगढ़ पुलिस की नींद खुली और जांच घटना स्थल पर आकर की गई. वही रामगढ़ एसटीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने मीडिया के सवालों पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार रामगढ़ से बात करने की बातें कहीं. लेकिन दोनों बोलोरो वाहनों पर बैठे पुलिस अधिकारी वहां से चले गए।









## दुलमी ग्रामीण क्षेत्र में सुनीता चौधरी ने चुनावी जनसम्पर्क तेज किया



**समाचार संध्या**

रजरप्पा। 2024 विधानसभा चुनाव की सरगर्मी पूरे क्षेत्र में बढ़ चुकी है, विधानसभा का चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही सभी प्रत्याशी मैदान में उतर चुके हैं।कुछ प्रत्याशी सोशल मीडिया पर सक्रिय है तो कुछ घर घर जाकर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में वोट करने में लगे हुए हैं।एनडीए गठबंधन की प्रत्याशी सुनीता चौधरी भी जनसंपर्क अभियान के तहत दुलमी और सिरु पँचायत के सभी गांव और टोलों में प्रत्येक ग्रामीणों से मिलकर अपने कार्यकाल की उपलब्धि गिनाते हुए मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट करने को कहा।इस जनसंपर्क अभियान में काफी संख्या में ग्रामीण उनकी बातों को सुन रहे थे।इस दौरान क्षेत्र के अभी जनप्रतिनिधियों के अलावा ब्रह्मदेव महतो,सरिता देवी,अखिलेश पिंगले,पंकज महतो,दिलीप महतो, रिझु महतो,राहुल महतो,बलराम महतो,रामबृक्ष महतो,मनोज महतो समेत कई महिला,पुरुष मौजूद थे।

# जे एल के एम कार्यकर्ताओं की माला सैलरी डूंगरी में हुई बैठक, जेएलकेएम



**समाचार संध्या -रिपोर्ट सज्जाद आरिफ**

दुलमी । दुलमी प्रखण्ड के होन्हे स्थित मालासीली टुंगरी में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें आगामी चुनाव को लेकर चर्चा परिचर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष संतोष टिडुआर उपस्थित थे। संतोष महतो ने कहा कि जेएलकेएम पार्टी के रामगढ़ विधानसभा प्रत्याशी पनेश्वर कुमार भारी अंतर से चुनाव जीतेंगे और टाइगर जयराम महतो के हांथो को मजबूत करेंगे। चुनाव जीतने के लिए बूथ जीतो चुनाव जीतो के तहत संगठन जमीनी स्तर से काम कर रही है और इसी के तहत हमलोग चुनाव भी जीतेंगे।ताकि राज्य गठन के असल उदेश्य को पूरा किया जा सके।बैठक में प्रखण्ड अध्यक्ष संजय महतो, रविकान्त महतो, मोहित पटेल, नीतीश कुमार, चितरंजन कुमार, विकास राम, सुधीर महतो, अर्जुन महतो, विमलेश महतो, देवा महतो, बंटी कुमार, रंजीत ओहदार, कौलेश्वर ओहदार, राहुल, रहनु, विमलेश कुमार, जलेश्वर महतो, सुमन कुमार, सुनील कुमार, मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# विशाल जनसभा को संबोधित किया कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने




**समाचार संध्या -रिपोर्ट एहसान मंजर**

मांडू विधानसभा के बालसगरा ग्राउंड में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे विशाल जनसभा को संबोधित किया उन्होंने कहा कि बीजेपी हमारी नकल कर रही है हमारे फार्मूले को कॉपी करके योजनाएं लागू कर रही है हमने 55 साल हुकूमत करके दिखाएं हम जो बोलते हैं हम वो करके दिखाते हैं वही वही बीजेपी पर जमकर निशाना साधते हुए श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी जी झूठों के सरदार हैं वहीं अमित शाह ने झारखंड में भाषण दिया कि यहां घूसपेपेटिया का कब्जा कर लेंगे तो आप क्या कर रहे हैं आपको कोई हक नहीं है गादी पर बैठने का मांडू विधानसभा के बलसागरा मैदान से इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं और जनता के बीच में अपने भाषणों से एक नई ऊर्जा पैदा कर दिए मंच पर इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जीपी पटेल, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष केशव कुमार कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व कार्यकारिणी अध्यक्ष शहजाद अनवर , पर्यवेक्षक बेला प्रसाद, जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान,कुमार महेश सिंह विनोद किस्कू रामगढ़ जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष जोया परवीन सहित कई बड़े नेता मंचासिन थे इंडिया गठबंधन के कार्य कर्ताओं को काफी बल मिला है राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता शाहिद सिद्दीकी ने कहा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जीपी पटेल को हम लोग ने जीत दिलाकर विधानसभा भेजने का काम करेंगे वहीं कांग्रेस के युवा नेता आरिफ अंसारी ने कहा कि मांडू विधानसभा से भी जीत हासिल करेंगे और झारखंड में भी सरकार बनाएंगे विशाल जनसभा में शामिल रविंद्र साव, मोहन महतो, जोया परवीन , सागर महतो शाहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।